# रिक्ति विज्ञापन

भारत सरकार
कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग
****

**कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल (एएसआरबी), कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डेयर) में अध्यक्ष के पद हेतु आवेदन/नामांकन आमंत्रित किया जाना ।**

कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल (एएसआरबी), कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डेयर) भारत सरकार में अध्यक्ष के पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

2. कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल (एएसआरबी) एक स्वतंत्र भर्ती अभिकरण है जो डेयर के साथ संबद्ध है। यह कृषि अनुसंधान सेवा के पदों, अनुसंधान प्रबंधन के पदों तथा ऐसे अन्य पदों और सेवाओं हेतु भर्ती के लिए उत्तरदायी है, जो भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के अध्यक्ष द्वारा विनिर्दिष्ट किए जा सकते हैं। मंडल (बोर्ड) कैरियर प्रगति योजना के अंतर्गत आईसीएआर के वैज्ञानिकों की पदोन्नति के मामलों पर भी कार्रवाई करता है। अध्यक्ष, मंडल (बोर्ड) के संचालन में प्रभावी प्रबंधन हेतु नेतृत्व एवं प्रशासनिक मार्गदर्शन प्रदान करता है।

**3. पद का विवरण इस प्रकार है –**

(i) **वर्गीकरण-** समूह 'ए' समकक्ष

(ii) **वेतनमान**- स्तर-17, मूल वेतन रु. 2,25000/- रुपए (नियत)।
अध्यक्ष का स्तर (स्टेटस ) उपयुक्त अनुलाभों एवं लाभों के साथ भारत सरकार के सचिव की होगी ।

(iii) **अधिकतम आयु सीमा-** 62 वर्ष

(iv) **योग्यता**- अध्यक्ष का चयन, पीएच.डी. डिग्री धारक और 25 वर्ष का अनुभव रखने वाले सेवानिवृत्त या सेवारत वैज्ञानिकों या प्रौद्योगिकीविदों या शिक्षाविदों या लोकप्रशासन या कृषि या संबद्ध क्षेत्रों में कम से कम 25 वर्ष का अनुभव रखने वाले सेवानिवृत्त या सेवारत लोकसेवकों में से किया जाएगा।

(v) **कार्य दायित्व-**

(क) अध्यक्ष, जन-मामलों का प्रबंधन करेंगे और मंडल को चलाने के लिए प्रभावी प्रबंधन हेतु नेतृत्व एवं प्रशासनिक मार्गदर्शन करेंगे ।

(ख) अध्यक्ष का दायित्व, कृषि अनुसंधान सेवा में सभी पदों पर भर्ती और इस सेवा में इस प्रकार के अन्य पदों पर भर्ती करना होगा जिन्हें अध्यक्ष , भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा निर्धारित किया जाएगा, जिसमें कैरियर प्रगति योजना के तहत, पदोन्नति/ नियोजन हेतु वैज्ञानिकों की स्क्रीनिंग सम्मिलित है

(ग) अध्यक्ष, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की, उन सभी कार्मिक मामलों में भी सहायता करेंगे जिनमें भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद सोसाइटी के अध्यक्ष को उनकी आवश्यकता होगी।

(vi) **कार्यकाल-**

अध्यक्ष का कार्यकाल 3 वर्ष की अवधि के लिए अथवा 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक, इनमें जो भी पहले हो, के लिए होगा। इस प्रकार से चयन किए गए अध्यक्ष का अपने पूर्ववर्ती संगठन में कोई पुनर्ग्रहणाधिकार नहीं होगा।

(vii) **एएसआरबी में नियुक्ति पर मूल सेवा से सेवानिवृत्ति-**

अध्यक्ष जो एएसआरबी में अपनी नियुक्ति की तारीख को केंद्र या किसी राज्य सरकार या किसी केंद्र शासित प्रदेश, प्रशासन या स्वायत्त निकाय या किसी अन्य पेंशन योग्य संगठन में सेवारत है, को, एएसआरबी में अध्यक्ष पद पर उसकी नियुक्ति की तारीख से, ऐसी सेवा से सेवानिवृत्त माना जाएगा।

यदि अध्यक्ष पद पर नियुक्त व्यक्ति को कोई पेंशन मिलती है तो ऐसे व्यक्ति के वेतन में से उसके द्वारा आहरित पेंशन की सकल राशि कम कर दी जाएगी।

(viii) **चयन विधि-**

यह चयन डीओपीटी के वर्तमान निर्देशों के अनुसार, मंत्रालय/विभाग द्वारा इस उद्देश्य के लिए गठित एक उच्च स्तरीय खोज-सह-चयन समिति (एससीएससी) द्वारा किया जाएगा। यह नियुक्ति, मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) के अनुमोदन के साथ की जाएगी।

4. सीधे आवेदनों के अलावा, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी)/भारतीय पशु चिकित्सा परिषद के अध्यक्ष; भारत सरकार के सचिव; महानिदेशक, सीएसआईआर; सभी राज्य कृषि विश्वविद्यालयों/केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालयों के कुलपति; राज्यों /केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव भी उपयुक्त उम्मीदवारों को उनके जीवन वृत्त विवरण के साथ संस्तुत/नामांकित कर सकते हैं।

5. खोज-सह-चयन समिति, मेरिट के आधार पर किसी अन्य व्यक्ति जिसने पद के लिए आवेदन नहीं किया है, का पता लगाने और उसकी सिफारिश करने के लिए स्वतंत्र है।

6. आवेदन/नामांकन फार्म www.icar.org.in, www.asrb.org.in और www.dare.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

7. **आवेदन/नामांकन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 10. 02. 2023 शाम 5:00 बजे तक है।**

8. आवेदन/नामांकन फार्म निम्नलिखित पते पर भेजा जा सकता है-

**अपर सचिव, डेयर एवं सचिव, आईसीएआर, कृषि भवन, नई दिल्ली।**

**अध्यक्ष, कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल (एएसआरबी) के पद हेतु आवेदन/नामांकन फार्म**

(i) सामान्य सूचना-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | आवेदक का पूरा नाम | |
| 2. | पिता का नाम | |
| 3. | लिंग | |
| 4. | जन्मतिथि | |
| 5. | आवेदन की अंतिम तारीख को आयु (वर्ष/महीने) | |
| 6. (क) | धारित वर्तमान/*पिछला पद (वेतनमान सहित) | |
| (ख) | सेवानिवृत्त/सेवारत | |
| 7. (क) | पत्राचार का पता, पिन कोड सहित | |
| (ख) | स्थाई पता | |
| (ग) | संपर्क विवरण | मोबाइल नंबर-<br>ई-मेल आईडी- |

***यदि सेवानिवृत्त हो चुके हैं तो कृपया पिछले पद का उल्लेख करें।**

(ii) शैक्षिक योग्यता-

(iii) अनुभव का विवरण (वर्ष/माह में) निम्नलिखित विवरण के अनुसार-

| क्र.सं. | पद | वैज्ञानिक/प्रौद्योगिकीविद/ शिक्षाविद/सिविल सेवक के रूप में अनुभव | संगठन/ विश्वविद्यालय | अवधि | | अनुभव (वर्ष और माह में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | से (दिनांक) | तक (दिनांक) | |
| 1 | | | | | | |
| 2 | | | | | | |
| | | | | | **कुल अनुभव (वर्ष और माह में)** | |

(iv) विशिष्ट योग्यताएं एवं उपलब्धियां-

(v) पुरस्कार एवं सम्मान-

(vi) प्रकाशन/उत्पाद/प्रौद्योगिकियां/पेटेंट्स-

(vii) पद के लिए आवेदक की उपयोगिता का औचित्य-

(viii) कोई अन्य सूचना-

मैं, एतदद्वारा घोषणा करता हूं कि इस आवेदन में दिए गए/प्रस्तुत कथन/विवरण मेरी जानकारी व विश्वास के अनुसार सत्य, पूर्ण और ठीक हैं। मैं यह भी घोषित करता और समझता हूं कि प्रस्तुत कोई सूचना किसी स्तर पर झूठी अथवा गलत पाए जाने की स्थिति में मेरा आवेदन/उम्मीदवारी किसी भी स्तर पर खारिज कर दी जाएगी और यदि मेरी नियुक्ति हो चुकी है तो अध्यक्ष, कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल (एएसआरबी) के पद से मेरी सेवाओं को बिना कोई सूचना दिए समाप्त कर दिया जाएगा तथा लागू नियमों के अनुसार परिणामी कार्रवाई की जाएगी।

दिनांक-

स्थान- आवेदक के हस्ताक्षर

**नामित करने वाले का विवरण**

नामित करने वाले का नाम

हस्ताक्षर-

दिनांक-

मुहर-